# प्रेस नोट थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

### सराहनीय कार्य दिनांक- 04.09.2026

## थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा दुकान से 12 कुंतल कोयला चोरी के मुकदमे में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 70 किलोग्राम काला कोयला एवं घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 02.09.2026 को वादी श्री बादशाह पुत्र इमाम अली निवासी मोहल्ला बनवारीपुर, कस्बा व थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अभियुक्तगण द्वारा उनकी दुकान से करीब 12 कुंतल कोयला चोरी कर लेने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी, जिसके आधार पर थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 460/26 धारा 303(2) बीएनएस बनाम 1. तस्लीम पुत्र मो0 हनीफ निवासी मोहल्ला बहादुरगंज, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर एवं 2. अर्जुन उर्फ ध्रुव पुत्र धर्मेन्द्र निवासी मोहल्ला कुंवरगंज, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. तस्लीम पुत्र मो0 हनीफ उम्र करीब 22 वर्ष एवं 2. अर्जुन उर्फ ध्रुव पुत्र धर्मेन्द्र उम्र करीब 21 वर्ष को दिनांक 03.09.2026 को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर द रेनेसां एकेडमी के पास से समय 21:33 बजे आवश्यक बल प्रयोग करते हुए नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 अदद प्लास्टिक सीमेंट बैग में करीब 70 किलोग्राम काला कोयला तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद ई-रिक्शा संख्या UP 27 AT 6292 बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1. तस्लीम पुत्र मो0 हनीफ, निवासी मोहल्ला बहादुरगंज, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 22 वर्ष।
2. अर्जुन उर्फ ध्रुव पुत्र धर्मेन्द्र, निवासी मोहल्ला कुंवरगंज, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 21 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण -**

मु0अ0सं0 460/26 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।

**आपराधिक इतिहास तस्लीम-**

1. मु0अ0सं0 560/25 धारा 137(2)/65(1) बीएनएस व ¾(2) पाक्सो एक्ट थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. अदद पलास्टिक सीमेन्ट बैग जिनमे करीब 70 किलो काला कोयला
2. घटना में प्रयुक्त 01 अदद ई-रिक्शा संख्या UP 27 AT 6292।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रभाषचन्द्र, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री मोहित कुमार, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 अनिल कुमार, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 वीरेन्द्र, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।